हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 18 जनवरी 2026

[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

55 यात्री बसों की जांच करके 3 वाहनों में तत्काल...




मड़ावरा में जिलाधिकारी ने जनता की समस्याएं...




**खबर संक्षेप**

### चर्च मैदान पर खेलो एमपी यूथ गेम को लेकर ट्रायल

**सीहोर।** मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन और प्रदेश सरकार के द्वारा खेलो एमपी यूथ गेम का आयोजन किया जा रहा है। इसका मकसद खेलों को बढ़ावा देने के साथ शहर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को निखारने का है। शुक्रवार को शहर के चर्च मैदान पर यूथ गेम को लेकर ट्रायल का आयोजन किया गया था, इसमें चार दर्जन से अधिक खिलाड़ी शामिल थे। शुक्रवार को ट्रायल को लेकर जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने ट्रायल के लिए पांच सीनियर खिलाड़ियों के अलावा एसोसिएशन के पदाधिकारियों को शामिल किया है। मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि खेलो एमपी जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है, करीब 40 बालक-बालिकाओं ने जमकर पसीना बहाया और ट्रायल दी। उन्होंने बताया कि सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के उपरांत सीहोर ब्लाक के बालक-बालिका टीम की घोषणा की जाएगी और उसके पश्चात बुधनी, आष्टा, सीहोर, इछावर और नसरुल्लागंज टीमों के मध्य जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## खजूरी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर खुलवाया जाम, प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच मुआवजे पर बनी सहमति

# फंदा टोल प्लाजा पर कर्मचारी की मौत के बाद परिजनों ने चक्काजाम कर किया भारी हंगामा

जानकारी के अनुसार फंदा टोल प्लाजा पर कार्यरत कर्मचारी विजय सिंह मेवाड़ा पिता अमर सिंह मेवाड़ा की बीती रात कार्यस्थल पर एक दुर्घटना के दौरान मृत्यु हो गई थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीहोर

भोपाल-इंदौर मार्ग पर स्थित फंदा टोल प्लाजा पर बीती रात ड्यूटी के दौरान एक कर्मचारी की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को टोल नाके पर रखकर चक्काजाम कर दिया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। हालांकि पुलिस के हस्तक्षेप और टोल प्रबंधन द्वारा लिखित आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ।

जानकारी के अनुसार फंदा टोल प्लाजा पर कार्यरत कर्मचारी विजय सिंह मेवाड़ा पिता अमर सिंह मेवाड़ा की बीती रात कार्यस्थल पर एक दुर्घटना के दौरान मृत्यु हो गई थी। विजय अपने परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे, जिन पर उनकी वृद्ध माता, पत्नी और तीन छोटी बेटियों (नंदनी 15 वर्ष, आरुषि 12 वर्ष और काव्या 5 वर्ष) की जिम्मेदारी थी। शुक्रवार को जब शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा तो ग्रामीण और परिजन भड़क गए और उचित मुआवजे की मांग को लेकर



टोल पर ही धरने पर बैठ गए।

### पुलिस को करना पड़ी मशक्कत

चक्काजाम की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। ग्रामीणों की मांग थी कि पीड़ित परिवार को आर्थिक सुरक्षा और बच्चों के भविष्य के लिए ठोस सहायता दी जाए।

काफी देर तक चली गहमागहमी और पुलिस की भारी मशक्कत के बाद टोल प्रबंधक और कॉरिडोर मैनेजर ने परिजनों से चर्चा की और मुआवजे की शर्तों पर सहमति बनी।

### 10-10 लाख रुपए की हो एफडी

परिजनों ने प्रबंधन को सौंपे आवेदन में मांग की थी कि तीनों बेटियों के नाम 10-10 लाख रुपये की एफडी की जाए और वृद्ध माता को भी आर्थिक संबल दिया जाए। प्रबंधन ने भरोसा दिलाया है कि वे कंपनी की ओर से अधिकतम संभव सहयोग करेंगे ताकि मृतक की निष्ठापूर्ण सेवाओं का सम्मान हो सके और परिवार का भविष्य सुरक्षित रहे।

### प्रबंधन द्वारा घोषित की यह सहायता राशि और लाभ

कॉरिडोर मैनेजर राजीव मिश्रा ने लिखित रूप में आश्वासन दिया कि कंपनी और सरकारी नियमों के तहत पीड़ित परिवार को लाभ दिए जाएंगे, जिसमें तत्काल आर्थिक सहायता के रूप में कंपनी की ओर से कुल 7 लाख रुपये दिए जाएंगे, जिसमें से 1 लाख रुपये तत्काल दिए गए और शेष 6 लाख रुपये आगामी बुधवार तक बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए जाएंगे। ईपीएफओ और ईएसआईसी का पूरा पैसा परिवार को मिलेगा। साथ ही विजय की पत्नी और बच्चों को लाइफ टाइम ईएसआईसी और पेंशन की सुविधा मिलेगी। ग्रुप इंश्योरेंस, एक्सीडेंट पॉलिसी और ईपीएफओ बीमा का पूरा क्लेम परिवार को दिलाने का वादा किया गया है। 18 साल की उम्र तक दो बच्चों को पेंशन की सुविधा भी निरंतर मिलती रहेगी, जिससे उनकी पढ़ाई निरंतर जारी रह सकेगी।

## फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट के घेरे में प्रभारी उपसंचालक, कमिश्नर के निर्देश पर छिना प्रभार, संयुक्त कलेक्टर संभालेंगे जिम्मेदारी

**सीहोर।** सरकारी तंत्र में फर्जीवाड़े के आधार पर पद हथियाने का एक बड़ा मामला सामने आया है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के प्रभारी उपसंचालक महेश कुमार यादव के दिव्यांगता प्रमाण पत्र पर सवाल खड़े होने के बाद अब उनसे प्रभार छीन लिया गया है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब इस विभाग की जिम्मेदारी संयुक्त कलेक्टर रविन्द्र परमार को सौंपी गई है।

बता दें प्रभारी उपसंचालक महेश यादव पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट के आधार पर सरकारी नौकरी प्राप्त की और पद पर बने रहे। शिकायत में कहा गया था कि उनकी वास्तविक दिव्यांगता कम है, जबकि विभाग में उन्होंने अधिक प्रतिशत वाला सर्टिफिकेट जमा कर रखा है।

### जांच से बचते रहे अधिकारी

मामले की गंभीरता को देखते हुए सामाजिक न्याय संचालनालय भोपाल के आयुक्त ने महेश यादव को अपनी दिव्यांगता की जांच एम्स संस्थान में कराने के स्पष्ट निर्देश दिए थे। हैरान करने वाली बात यह है कि बार-बार निर्देश मिलने के बावजूद यादव ने एम्स जाकर अपनी जांच नहीं कराई। इस टालमटोल को विभाग ने संदिग्ध माना और अंततः कड़ा कदम उठाया।

### आयुक्त ने कलेक्टर को लिखा पत्र

आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय ने सीहोर कलेक्टर को पत्र लिखकर निर्देशित किया कि जब तक जांच पूरी नहीं होती, तब तक महेश यादव को पद से हटाकर किसी अन्य अधिकारी को प्रभार दिया जाए। इसी आदेश के पालन में कलेक्टर कार्यालय ने संयुक्त कलेक्टर रविन्द्र परमार को प्रभारी उपसंचालक नियुक्त करने का आदेश जारी किया है।

### तबादले पर लिया था स्टे

सूत्रों के अनुसार महेश यादव का तबादला जून 2025 में सीहोर से बालाघाट के लिए किया गया था, लेकिन उन्होंने कोर्ट से स्थगन स्टे ले लिया और सीहोर में ही डटे रहे। हालांकि अब फर्जी प्रमाण पत्र के विवाद और जांच में सहयोग न करने के चलते उन्हें प्रशासनिक प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। 6 जनवरी को जारी हुए पत्र के बाद प्रशासन ने यह कार्रवाई सुनिश्चित की है।

## कलेक्टर ने रेहटी पहुंचकर तहसील कार्यालय और धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण

**समय-सीमा में की जाएं वन ग्राम से राजस्व ग्राम संपरिवर्तन की कार्रवाईः कलेक्टर**

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने रेहटी पहुंचकर तहसील कार्यालय, राजस्व न्यायालय, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया तथा धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी गतिविधियों की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं और प्रशासनिक प्रक्रियाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है।



**रेहटी तहसील कार्यालय का निरीक्षण, एसआईआर की समीक्षाः** रेहटी तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने एसआईआर की प्रगति की समीक्षा करते हुए मतदाता सूची को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नो-मैपिंग वोटर्स की सुनवाई, लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी के निराकरण तथा दावे-आपत्तियों के निपटारे की स्थिति की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं बीएलओ से चर्चा कर निर्देश दिए कि प्रत्येक मतदाता का सत्यापन पूरी गंभीरता से किया जाए, किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से वंचित न रहे और अपात्र प्रविष्टियों का नियमानुसार निराकरण किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि एसआईआर के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण तय समय-सीमा में करते हुए उसकी जानकारी संबंधित हितग्राहियों तक पहुंचाई जाए।

**वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन की कार्यवाही की समीक्षा :** निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन की कार्यवाही की भी समीक्षा की। उन्होंने इस प्रक्रिया में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें, अभिलेखों का अद्यतन शीघ्रता से किया जाए तथा पात्र ग्रामीणों को राजस्व सुविधाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि संपरिवर्तन की प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके पश्चात कलेक्टर बालागुरू के. ने रेहटी तहसील के धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीदी केंद्रों पर धान की गुणवत्ता, तौल व्यवस्था, बारदाना, भुगतान प्रक्रिया, किसानों की सुविधा तथा रिकॉर्ड संधारण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा जारी धान उपार्जन नीति का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए और सभी केंद्रों पर किसानों से धान की खरीदी पारदर्शी एवं सुचारु रूप से की जाए। कलेक्टर ने यह भी कहा कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए केंद्रों पर पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं तथा खरीदी के पश्चात भुगतान समय पर किसानों के खातों में किया जाए।

## रोजगार मेला आयोजित, 580 युवाओं का हुआ प्राथमिक चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीहोर

युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय, उद्योग विभाग एवं शासकीय आईटीआई द्वारा सीहोर में युवा संगम रोज़गार-स्वरोज़गार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया। रोजगार मेले में अनेक कंपनियों द्वारा युवाओं का साक्षात्कार लिया गया तथा योग्यता के अनुसार चयन किया गया। इस रोजगार मेले में कुल 616 युवक-युवतियों ने अपना पंजीयन कराया था। जिसमें 13 कंपनियों द्वारा 580 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया। मेले में उद्योग विभाग द्वारा 12 हितग्राहियों को 41 लाख 48 हज़ार 922 रूपये का स्वरोजगार ऋण वितरण



किया गया। इस अवसर पर जिला लीड बैंक अधिकारी जयदीप भट्टाचार्य, उद्योग विभाग के महाप्रबंधक अनुराग वर्मा, प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव, एनआरएलएम के डीपीएम दिनेश बर्फा, प्रबंधक संदीप उइके सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### मवेशी छोड़ने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर।** सड़क पर पाये जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुंचा दिया जाएगा। दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। इस अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गोपालक मवेशियों को सड़कों पर भटकने से बचाये।

## ओलंपियाड परीक्षा हुई आयोजित



**सीहोर।** जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा 2026 जिला मुख्यालय पर आयोजित की गई। ओलंपियाड परीक्षा शासकीय छात्र छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मानसिक रूप से तैयार करना ताकि भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में शासकीय स्कूल के छात्र छात्राएं सफल हो सके।आज ओलंपियाड परीक्षा कक्षा 2 एवम 3 में हिंदी, अंग्रेजी, गणित , कक्षा 6 से 8 तक हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत की परीक्षा आयोजित की है।परीक्षा तीन शिफ्ट में थी कुल 481 विद्यार्थियों में से 382 विद्यार्थी उपस्थित रहे।जिला शिक्षा केंद्र कार्यालय से ए.पी.सी.लखन माहेश्वरी, ए.पी.सी सुरेंद्र यादव, विकास खंड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर, बीआरसीसी अशोक वर्मा, बी.ए.सी. हेमलता सेंगर, अमिता आहूजा, जीआर विश्वकर्मा, बी.ए.सी जितेंद्र कर्मोदिया, राकेश केलोदिया द्वारा अवलोकन किया गया। शासकीय स्कूल के विद्यार्थी जो तीनों विषय में चयनित होकर परीक्षा में शामिल हुए। उन्हें प्रमाणपत्र दिया तथा तथा उनके पालकों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

### विजिबिलटी रही काफी कम, सुबह 9 बजे तक छाया रहा घना कोहरा

# न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस पहुंचा आने वाले दिनों में सूरज की किरणें होंगी तीखीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीहोर

सीहोर जिले में गुरुवार सुबह फिर कड़ाके की ठंड का असर दिखाई दिया है। न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कल के 10 डिग्री सेल्सियस से 5 डिग्री कम है। तापमान में इस गिरावट के साथ ही सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी काफी कम हो गई।

### मौसमी बीमारियों से बचने के लिए डॉक्टरों ने दी सलाह

मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर दिशा से आ रही ठंडी और बर्फीली हवाओं के कारण तापमान में यह गिरावट दर्ज की गई है। मौसम में अचानक आए इस बदलाव के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने संभावित शीत लहर और बीमारियों को लेकर अलर्ट जारी किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने शीतलहर



से बचाव के लिए सलाह दी है। उन्होंने कहा कि पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े पहनें और स्थानीय मौसम पूर्वानुमान पर ध्यान दें। डॉ. डेहरिया ने बताया कि शीतलहर के दौरान फ्लू, खांसी, सर्दी और जुकाम जैसी बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं या चिकित्सक से संपर्क कर उपचार कराएं।

उन्होंने यह भी बताया कि यदि शरीर का तापमान सामान्य से कम हो जाए, न रुकने वाली कपकपी हो, याददाश्त चली जाए, बेहोशी या मूर्छा की अवस्था हो, या जुबान लड़खड़ाए, तो तुरंत उचित इलाज किया जाना चाहिए। गर्म कपड़े जैसे दस्ताने, टोपी, मफलर और जूते पहनें। डॉ. डेहरिया ने सलाह दी कि शीतलहर के समय चुस्त कपड़े न पहनें, क्योंकि ये रक्त संचार को कम करते हैं। इसके बजाय, हल्के ढीले-ढाले सूती कपड़े बाहर की तरफ और ऊनी कपड़े अंदर की ओर पहनें। जितना संभव हो सके घर के अंदर ही रहें और केवल अति आवश्यक होने पर ही बाहर निकलें।

### निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रों का पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने गत दिवस बताया कि शासन निर्देशानुसार अब निजी नर्सिंग होम एवं क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट का विनिमय म.प्र. उपचार्यगृह तथा रजोपचार्य संबंधी स्थापनाये (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के स्थापित प्रावधान अनुसार समस्त फीजियोथेरेपिस्ट को अधिनियम की धारा 2 में क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट को परिभाषित किया गया हैं। अधिनियम की धारा 3 के अनुक्रम में कोई भी व्यक्ति द्वारा क्लिनिकल स्टेबलिसमेंट का संचालन (निजी फीजियोथेरेपी केन्द्र) बिना विनियामक अधिनियम के अन्तगर्त पंजीयन के बिना नहीं किया जा सकता।

## खबर संक्षेप

### 31 तक ले सकते हैं योजना का लाभ

**देवास।** अधीक्षण यंत्री मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी केतन रायपुरिया ने बताया कि समाधान योजना का आधिकारिक लाभ लेने के लिए मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रथम चरण की अवधि 31 जनवरी 2026 तक बढ़ा दी है। उन्होंने बताया कि समाधान योजना में तीन माह से अधिक बिजली बकायादार शामिल होकर लाभ उठा सकते हैं, पात्रतानुसार एक मुश्त बकाया बिल जमा करने पर पूरा सरचार्ज माफ होगा, किश्तों में बकाया राशि जमा करने पर सरचार्ज 90 प्रतिशत तक माफ कराया जा सकेगा।

### हिंदू सम्मेलनों में 90 से अधिक गांव के लोग होंगे सहभागी

**देवास।** आज देवास नगर में 13 बस्तियों के हिन्दू सम्मेलन होंगे। बीएनपी बस्ती, प्रताप बस्ती, बिलावली बस्ती, उत्तम नगर, राजाराम नगर, विकास नगर, अमोना, बावडिया, बालगड, मल्हार, उपासना, भवानी सागर, रेवाबाग में हिन्दू सम्मेलन रविवार को आयोजित होंगे। इसी प्रकार सोनकच्छ एवं हाटपिपल्या नगर में भी बस्ती हिन्दू सम्मेलन का आयोजन रविवार को होगा।पीपलरांवा खण्ड के गंधर्वपुरी, गड़खजुरिया एवं तालोद मंडल, टोंकखुर्द खण्ड के पाडल्या, गौरवा एवं बुदासा मंडल देवास ग्रामीण खण्ड के रालामंडल, नेवरी एवं सिंगावदा,बरोठा खण्ड में क्षिप्रा एवं सिरोल्या मंडल के हिन्दू सम्मेलन भी आज आयोजित होंगे। होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर कई दिनों से तैयारी की जा रही है।

### अल सुबह 4 बजे से आरटीओ ने स्लीपर बसों की जांच कर की कार्रवाई

# 55 यात्री बसों की जांच करके 3 वाहनों में तत्काल मौके पर पार्टीशन गेट खुलवाए

जांच कार्यवाही में 07 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 58 हजार रुपए शमन शुल्क वसूला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




जिला परिवहन विभाग द्वारा लंबी दूरी की स्लीपर बसों का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों को जांचा गया। साथ हीं वैधानिक कागजों का परीक्षण किया गया। जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार परिवहन विभाग द्वारा लगातार जांच कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान एवं उनके दल द्वारा स्लीपर यात्री बसों में सुरक्षा मानकों की जाँच के लिये विशेष जांच अभियान चलाया गया। जांच कार्यवाही में जिला परिवहन अधिकारी द्वारा शनिवार अलसुबह 04 बजे से ही देवास शहर के मक्सी रोड़ पर स्लीपर कोच यात्री बसों को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान शासन द्वारा स्लीपर बसों के लिये निर्धारित किये गये मापदण्डों की जांच की गई।

परिवहन अधिकारी द्वारा सख्ती से स्लीपर बसों पर कार्यवाही करते हुए बसों में अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन द्वार, पार्टीशन गेट, स्लाईडर, पैनिक बटन इत्यादित की जाँच की गई। इस दौरान जिन वाहनों में चालक सीट के पीछे पार्टीशन गेट पाया गया उन्हें तत्काल मौके पर निकलवाया गया। साथ ही शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के संबंध में संबंधितों को निर्देशित किया गया। सुबह 4 बजे से लगतार कार्यवाही 5 घंटे तक चलती रही। कुछ समय अन्तराल पश्चात पुनः परिवहन विभाग का अमला शहर के मार्गो पर चैकिंग के लिये उतर आया। इस बार भी पहले की तरह ही परिवहन विभाग के दल द्वारा सख्ती से यात्री बसों विशेषकर स्लीपर बसों की जाँच की जाकर सुरक्षा मानकों को चैक किया गया तथा चालानी कार्यवाही भी की गई। दिन भर चली चैकिंग कार्यवाही में कुल 55 यात्री बसों को चैक किया गया, इनमें से 3 वाहनों में तत्काल मौके पर पार्टीशन गेट निकलवाए गए। साथ ही अन्य आवश्यक सुरक्षा मानकों को पूर्ण किये जाने हेतु सख्ती से निर्देशित किया गया। जांच कार्यवाही में 07 वाहनों पर चालानी कार्यवाही भी की गई, जिससे 58 हजार रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया। वाहनों की जॉच किये जाने के उपरान्त जिन वाहनों में कमियाँ पाई गई उन्हें परिवहन अधिकारी द्वारा शीघ्र ही उपरोक्त कमियाँ पूर्ण कर वाहन भौतिक सत्यापन के लिये परिवहन कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। परिवहन कार्यालय द्वारा स्लीपर यात्री बसों के स्वामियों को शासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मापदण्ड पूर्ण किये जाने हेतु नोटिस जारी किये गये हैं, निर्धारित समय सीमा में सुरक्षा मापदण्ड पूर्ण नहीं करने की स्थिति में परिवहन कार्यालय द्वारा फिटनेस निरस्ती के साथ ही अन्य आवश्यक कार्यवाही भी की जावेगी। शनिवार को की गई कार्यवाही में जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान, परिवहन उप-निरीक्षक मीनाक्षी गोखले, जसवंत सिंह दौहरे,



सरफराज खान, निलेश साल्वे, बाबुलाल देवड़ा, शाकिर खान भगतसिंह भलावी शामिल थे। जिला परिवहन अधिकारी चौहान ने बताया कि वाहनों की चैकिंग निरन्तर जारी रहेगी, जिसमें नियमित विरूद्ध संचालित वाहनों के विरूद्ध चालानी / जप्ती संबंधी कार्यवाही की जाएगी।

# वन विभाग ने शंकरगढ़ हिल्स पर अनुभूति कार्यक्रम किया आयोजित

**120 छात्र-छात्राएं हुए शामिल**




**देवास।** उप वनमण्डल अधिकारी ने द्यिार्थियों को सरल शब्दों में दी जानकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

वन परिक्षेत्र देवास अंतर्गत शंकरगढ़ पहाड़ी पर 17 जनवरी को स्कूली विद्यार्थियों को वन वन्यप्राणी एवं पर्यावरण की सुरक्षा एवं उनके प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से अनुभूति का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अमित कुमार वनमण्डलाधिकारी देवास, विकास माहोरे उप वन मंडलाधिकारी देवास, राजेश चौहान वनपरीक्षेत्राधिकार देवास, बीजेपी जिला अध्यक्ष राय सिंह सेंधव, वन परिक्षेत्र देवास वन स्टाफ, उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1, चिमना बाई हाई सेकेंडरी स्कूल एवं सरस्वती ज्ञान पीठ स्कूल के कुल 120 छात्र-छात्राएं और उनके साथ में उनके शिक्षक गण उपस्थित रहे ।

उपस्थित छात्र-छात्राओं को टोपी टी-शर्ट एवं अनुभूति किट प्रदान की गई। उप वनमण्डल अधिकारी द्वारा फूड चैन, जल संरक्षण एवं पेड़ पौधों के महत्व के बारे में विद्यार्थियों को सरल शब्दों में बताया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अनुभूति प्रेरक पीएन तिवारी एवं कृष्णा यादव द्वारा इस बदलते परिवेश में हम हैं धरती के दूत थीम के तहत जल संरक्षण प्रकृति संरक्षण प्रकृति का महत्व जानकारी प्रदान की गई। साथ ही अनुभूति कैंप में विद्यार्थियों द्वारा प्रकृति की पाठशाला में पेड़ पौधे औषधीय पौधे, पक्षी, तितलियां, सर्प प्रजाति, हिरण, मृग, मधुमक्खियां, दीमक और जल संरक्षण की जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आयुषी पिता सुरेंद्र कक्षा ग्यारहवीं सरस्वती ज्ञानपीठ स्कूल, द्वितीय स्थान निशा पंवार कक्षा दसवीं चिमनाबाई स्कूल एवं तृतीय स्थान प्रीति लक्षाकार कक्षा ग्यारहवीं सरस्वती ज्ञानपीठ स्कूल ने प्राप्त किया।

आयोजित हुए कार्यक्रम के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड जिला अध्यक्ष एवं वन मंडल अधिकारी देवास द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम सफल होने पर वनपाल श्याम शर्मा ने सभी उपस्थित गणमान्य अधिकारियों और उपस्थित सभी कर्मचारीयो का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में वनपाल श्याम शर्मा, राजेश शर्मा, कैलाश वाघ,उपवनक्षेत्रपाल राकेश मोदी, वनरक्षक विजय चौधरी, रवि प्रकाश तिवारी, कृष्ण यादव,सपना उईके, सतीश शर्मा,ज्योति कर्मा,नेहा शर्मा, दीपाली लश्करी, सचिन मंडलोई अंकित मंडलोई एवं उपस्थित वन कर्मचारी का विशेष सहयोग रहा।

# बजरंग सेना का हुआ सामूहिक कार्यकर्ता सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

प्रदेश में लंबे समय से सनातनियों की सरकार होने के बावजूद आज भी गौ हत्या बंद नहीं हो पाई हैं। गौ हत्या पर सरकार प्रतिबंध लगाने में विफल साबित हो रही है। सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए और गौ माता की सुरक्षा के लिए हत्या पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। उक्त बातें बजरंग सेना राष्ट्रीय संयोजक रघुनंदन शर्मा द्वारा चापड़ा समीप हाटपिपल्या मार्ग पर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर नलकी पर आयोजित सामूहिक सुंदरकांड पाठ समारोह एवंकार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। शनिवार के दिन बजरंग सेना के बैनर तले सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान बजरंग सेना द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर भजन गायक गोपाल विश्वकर्मा द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई एवं पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि बजरंग सेना टीम लगातार गौ माता की रक्षा के लिए कार्य कर



रही है। जल्द ही देवास जिले की टीम गौ रक्षा, गौ हत्या पर प्रतिबंध एवं गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग को लेकर भोपाल तक पैदल यात्रा कर मुख्यमंत्री से मुलाकात कर खून से लिखा पत्र सौंपेगी। इस दौरान बजरंग सेना जिला टीम द्वारा कार्यक्रम में आए अतिथियों एवं बजरंग सेना के पदाधिकारी का अभिनंदन किया गया। उक्त कार्यक्रम में बजरंग सेना राष्ट्रीय संयोजक रघुनंदन शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा राजेंद्र ठाकुर, बबलू मकवाना, सीहोर जिला अध्यक्ष लखनलाल परमार, विक्रम सिंह जीत ,शुभम पहलवान, प्रदेश महामंत्री अजय दयांना, उज्जैन जिला अध्यक्ष संजय वर्मा, जिला अध्यक्ष प्रतिक वैष्णव मौजूद रहे। बजरंग सेना डबलचौकी, चापड़ा, चसिया टीम द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### खेलो एमपी यूथ गेम्स अंतर्गत हुई पिट्टू प्रतियोगिता



**देवास।** जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी सेना गाडरिया ने बताया कि खेल और युवा कल्याण विभाग तथा देवास जिला पिट्टू संघ द्वारा खेलों एम.पी.यूथ गेम्स 2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय पिट्टू प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम में किया गया। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार ने प्रदेश में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस वर्ष से खेलों एम.पी.यूथ गेम्स में पिट्टू खेल को सम्मिलित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ खेल विभाग एवं जिला पिट्टू संघ पदाधिकारियों ने पिट्टू गिराकर किया गया।

### पूर्व विधायक कन्नौजे ने कार्यकर्ता से की मुलाकात

**चापडा।** बागली विधानसभा के पूर्व विधायक पहाड़सिंह कन्नोजे शुक्रवार के दिन चापडा पहुंचे,जहां उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता से मुलाकात की। कार्यकर्ता सिद्धनाथ पाटीदार का स्वास्थ्य विगत दिनों में खराब चल रहा है, जिसके चलते पूर्व विधायक पहाड़सिंह कन्नोजे अपने कार्यकर्ता के साथ सिद्धनाथ पाटीदार के हाल-चाल जानने पहुंचे। इस दौरान गंगाराम पाटीदार, कांतिलाल पाटीदार,गोवर्धन पाटीदार सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूर्व विधायक पहाड़सिंह कन्नोजे ने कहा कि पूर्व वरिष्ठ एवं बुजुर्ग कार्यकर्ताओं की मेहनत के कारण आज भारतीय जनता पार्टी इतनी बड़ी पार्टी बनी है। इस दौरान पूर्व विधायक कन्नोजे द्वारा वरिष्ठ कार्यकर्ता के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए उनका अभिनंदन भी किया गया।



# इंदौर में हुई मौतों को लेकर कांग्रेस ने किया उपवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर शनिवार को शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में स्थानीय मंडूक पुष्कर पर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी पीने से हुई मौतों को लेकर न्याय की मांग करते हुए उपवास किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पीड़ित परिवारों से मिलने दिल्ली से इंदौर पहुंचे, लेकिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज तक पीड़ित परिवारों का हाल जानने भागीरथपुरा नहीं पहुंचे।

इससे अधिक निंदनीय बात और क्या हो सकती है, जिस प्रदेश का नगरीय प्रशासन मंत्री स्वयं भागीरथपुरा विधानसभा क्षेत्र से हो और उसी क्षेत्र में दूषित पानी से लोगों की मौत हो जाना घोर लापरवाही और सत्ता की मदहोशी को दर्शाता है। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता सत्ता के नशे में इतने मदहोश हैं कि अपने ही क्षेत्र की सुध लेना भूल गए हैं। इसी का परिणाम है




कि इंदौर में 24 निर्दोष लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए यह उपवास किया गया है। सरकार शीघ्र पीड़ित परिवारों को न्याय प्रदान करे तथा पूरे प्रदेश में जल शुद्धता एवं स्वच्छता को लेकर सघन अभियान चलाए। इस अवसर पर कांग्रेस नेता रोशन रायकवार द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना कराई गई। कार्यक्रम का संचालन सुधीर शर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन हर्ष प्रताप सिंह गौड़ ने किया। उपवास कार्यक्रम को पूर्व महापौर रेखा वर्मा, भगवान सिंह चावड़ा, नरेंद्र यादव, मनोज हेतावल, हर्ष राज राठौर, रूपेश कल्याने, प्रतीक शास्त्री, राजेश राठौर, रविंद्र सोनी, डी.पी. डोंगरे, नरेश बैरागी, मदनलाल जेठवा, पवन चौधरी, अशोक पटेल, महेश राजपूत, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, आरिफ मेव, नंदकिशोर पोरवाल, जयप्रकाश मालवीय, डॉ. मुन्ना सरकार सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

### संस्था मां शारदा ने नगर में आयोजित किए धार्मिक सामाजिक आयोजन में उमड़े कई लोग

# गरीब और वंचित बच्चों को शिक्षा के लिए दी आर्थिक सहायता





हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

संस्था मां शारदा इंदौर द्वारा भौरासा नगर में लगातार कई वर्षों से पार्थिव शिवलिंग निर्माण व 12 ज्योतिर्लिंगों का रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाता रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को भी इसी तरह का आयोजन नगर के बाबा भंवरनाथ मंदिर प्रांगण में किया गया जिसमें सैकड़ों महिलाओ ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर शिवलिंग का रुद्राभिषेक किया। महिलाओं ने अपने हाथों से मिट्टी के शिवलिंग का निर्माण कर रुद्राभिषेक किया। नगर की महिलाओं ने भगवान शिव की आराधना की। साथ ही आयोजन स्थल पर 12 ज्योतिर्लिंगों की प्रतिमा भी लगाई गई। बैनर पर ज्योतिर्लिंग की विशेषता एवं उसका पूरा महत्व भी लिखा गया था जिनके दर्शन भी सभी ने प्राप्त किए। इंदौर के पंडित धनीराम तिवारी ने सभी को शिव भगवान के रुद्र अभिषेक का महत्व समझाते हुए पूजन करवाया। संस्था के प्रमुख प्रमोद कुमार द्विवेदी ने बताया कि इन आयोजनों में नगर की महिलाएं बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं जिससे हमे काफी खुशी है। इन सब का सहयोग मिलने से हम आगे भी नगर में ओर भी सामाजिक और धार्मिक कार्य करेंगे। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार द्विवेदी द्वारा मौजूद महिला, बच्चों एवं पुरुषों को संक्रांति की बधाई भी दी गई। कार्यक्रम में तिल गुड़ लड्डू , मूंगफली पट्टी परमल लड्डू खिलाकर संक्रांति की बधाई दी गई।

### महिलाओं-बच्चों को दी आर्थिक सहायता

नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी इंदौर की संस्था मां शारदा द्वारा नगर में छोटे-छोटे बच्चों को कॉपियां वितरित की गई। आपको बता दे की पिछले कई सालों से संस्था मां शारदा के संस्थापक प्रमोद कुमार द्विवेदी एडवोकेट इंदौर द्वारा भौरासा नगर में कई सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। संस्था द्वारा गरीब, बेसहारा महिलाओं को सिलाई मशीन दी गई। अनाथ बच्चों को आर्थिक सहायता राशि दी गई। वहीं नगर के गरीब बच्चों की फीस भरने का जिम्मा भी संस्था ने उठाया है। संस्था नगर में रक्षाबंधन पर्व, चुनरी यात्रा रुद्राभिषेक जैसे धार्मिक आयोजनों को समयानुसार करवाती रहती है। इसी कड़ी में शनिवार को संस्था मां शारदा के संयोजक एडवोकेट प्रमोद कुमार द्विवेदी व सुमित जैन मित्र मंडली इंदौर के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम सहारा के अंतर्गत 51बच्चे बच्चियों को आर्थिक सहायता के रूप में राशि वितरित की गई। वहीं 5 गरीब बेसहारा महिलाओं को सिलाई मशीन भी वितरित की गई।

### लाडली बहना योजना के अंतर्गत स्थानीय कार्यक्रम हुआ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का कार्यक्रम नर्मदापुरम माखन नगर से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मुख्य आतिथ्य मे हुआ।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार 16 जनवरी को सिंगल क्लिक के माध्यम से 2 लाख 80 हजार 4 सौ 47 लाडली बहनों को योजना की राशि हस्तांतरित की।गरीमामय कार्यक्रम का लाईव प्रसारण के माध्यम से समूचे म.प्र. ने देखा। इसी कडी मे कार्यक्रम का अयोजन नगर निगम देवास द्वारा भी बैठक हाल मे विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, पार्षद राहूल दायमा, योजना के जिला अधिकारी साबीर एहमद सिद्दीकी, निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी, आरती खेडेकर एवं परियोजना अधिकारी मोहन अहिरवार, गीता ठाकुर, विकास खण्ड अधिकारी समीक्षा जैन, पार्षद प्रतिनिधि बाबु यादव की उपस्थिति मे मॉ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने कहा कि यह योजना पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के दिल के करीब की योजना है। जिसे निरंतर बनाये रखने का संकल्प मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लिया ओर हर महिने हमारी लाडली बहनों की दिवाली मनवाते है।उपायुक्त जाफरी, खेडेकर ने सभी लाडली बहनों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप

### महिला को घर में घुसकर पीटा

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम चमरऊवा निवासी भावना पत्नी रामगोपाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 4 जनवरी को सुबह 10 बजे वह अपने घर में अकेली थी। तभी उसके घर के अंदर मोहल्ले का संजू पुत्र शिशुपाल राजपूत ठेकेदार आ गया और गालियां देते हुये उसके साथ मारपीट कर दी। विरोध करते हुये वह बाहर भागी तो उक्त व्यक्तियों ने पीछे से आकर उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने उसी दिन चौकी राजघाट व कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया। लेकिन पुलिस ने कार्यवाही नहीं की। इससे उनके हौंसले और बुलंद हो गये और उसी रात करीब 9 बजे उक्त लोगों ने उसके व उसके परिजनों के साथ मारपीट कर दी। इस दौरान संजू, उमाशंकर पुत्रगण शिशुपाल, सविता पत्नी संजू, रोशनी पत्नी उमाशंकर, चंद्रभान पुत्र कोमल, रामा पत्नी चन्द्रभान, अंकेश पुत्र चन्द्रभान समेत चार अज्ञात लोग जो कि लागौन गांव के रिश्तेदार थे, घर आये और गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी।

### फांसी से लटका मिला युवक का शव

**ललितपुर।** एक किसान का शव शनिवार सुबह खेत में संदिग्ध अवस्था में मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम जैतवारा निवासी 42 वर्षीय मनोहर राजपूत पुत्र आशाराम के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि मनोहर शनिवार सुबह करीब चार बजे खेत में सिंचाई करने के लिए गया था। सुबह लगभग 8 बजे जब परिजन खेत पर पहुंचे, तो उन्हें मनोहर मोटर के पास मृत अवस्था में पड़े मिले। इसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। परिजनों के अनुसार, मनोहर अपने दो भाइयों में सबसे छोटा था और उसके दो पुत्र हैं। वह खेती-किसानी का काम करता था। घटना स्थल पर ग्राम प्रधान रानू राजा बुंदेला भी पहुंचे। किसान की मौत का वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं है।

### युवती ने लगाया मारपीट का आरोप

**ललितपुर।** जेल चौराहा के पास रहने युवती ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि शनिवार को अपराह्न करीब 12 बजे अपने घर पर थी। तभी पड़ोस के कुछ लोग एक राय होकर आये और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। युवती ने बताया कि उक्त लोग पहले भी उसके साथ मारपीट की थी।

### रास्ते में रोककर बेल्ट से मारपीट

**ललितपुर।** मोहल्ला रामनगर में शान्ति निकेतन जू.हा.स्कूल के पास रहने वाले सुमित कुशवाहा पुत्र संतोष कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 15 जनवरी को शाम करीब 3 बजे वह अपने खेत से घर जा रहा था, जहां रास्ते में खड़े इलाइट चौराहा के आगे, एच.पी.आर. निवासी आकाश कुशवाहा ने उसे रोक लिया विरोध करने पर बेल्ट से मारपीट कर दी।

संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया

# मड़ावरा में जिलाधिकारी ने जनता की समस्याएं सुनकर कराया निस्तारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने शासन की मंशानुसार शनिवार को जनपद की दूरस्त तहसील मड़ावरा में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में दूरदराज से आये फरियादियों की समस्याओं को सुना और मौके पर कई शिकायतों का निस्तारण भी कराया।

उन्होंने एक-एक कर शिकायकर्ताओं को अपने पास बुलाया और उनकी पूरी बात सुनकर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को अवगत कराया और शिकायती पत्र सौंपते हुए निर्देशित किया कि मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण कराना सुनिश्चत करें। शेष बची शिकायतों के सम्बंध में निर्देश दिये गए कि सम्बंधित विभागीय अधिकारी मौके पर जाकर स्थलीय सत्यापन कर निस्तारण करायें। शिकायतकर्ताओं की समस्या का निस्तारण उनकी संतुष्टि के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये फरियादियों की जरुरत व पात्रता के हिसाब से सम्बंधित योजनाओं सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए सम्बंधित विभागीय अधिकारियों से उन योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन कराये। फरियादी खेमचन्द्र अपने साथ लाये निराश्रित बच्चों के हालात को देखते हुए जिलाधिकारी ने




संवेदनशीलता दिखाते हुए जिला प्रोबशन अधिकारी को बुलाकर मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत मौके पर ही आवेदन कराया और उनको आश्वस्त किया कि आगामी माह से दोनो बच्चों को योजना का लाभ मिलने लगेगा।

### राशन कार्ड में परिवारजनों के नाम जुड़वाने की शिकायत

ग्राम धौरीसागर निवासी फरियादी मंटोला द्वारा अपने राशन कार्ड में परिवारजनों के नाम जुड़वाने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए तत्काल नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार ग्राम गढ़ौलीकलां निवासी शिकायतकर्ता धमेन्द्र ने उनकी जमीन पर अवैध कब्जा रोके जाने व विपक्षी द्वारा सरकारी चकरोड पर किये गए अवैध कब्जा हटवाने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को राजस्व व पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। ग्राम पटना मड़ावरा निवासी शेहर सिंह ने गांव में नल से पानी न आने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारी को गांव का भ्रमण कर समस्या का निस्तारण कराने के निर्देश दिये।

### कहां कितने शिकायती प्रार्थना पत्र मिले

तहसील मड़ावरा में कुल 46 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 20, पुलिस के 08, विकास के 04, विद्युत के 04, लोक निर्माण विभाग के 02, समाज कल्याण के 02 तथा अन्य विभागों के 06 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में कुल 36 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 10, विकास के 03, पुलिस के 11 तथा अन्य विभागों के 12 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 14 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील ललितपुर में कुल 12 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 05, पुलिस विभाग का 01, विद्युत का 01 तथा अन्य विभागों के 05 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में कुल 11 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 04, पुलिस के 02, विकास विभाग का 01, पूर्ति विभाग का 01, विद्युत के 02 तथा अन्य विभाग का 01 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील पाली में कुल 12 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 07, पुलिस के 04 तथा अन्य विभाग का 01 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस दौरान एसपी मो.मुश्ताक, सीडीओ शेषनाथ चौहान, एसडीएम मड़ावरा शैलेन्द्र चौधरी, एडीएफओ सत्येन्द्र तोमर, तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी, जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

स्टेशन से नदी पार तक हटेगा अतिक्रमण

# नपा की टीम लेकर मैदान में डटे ईओ दिनेश कुमार



**ललितपुर।** सड़कों के चौड़ीकरण, यातायात को सुगम बनाने, अतिक्रमण हटाने और शहर की मुख्य सड़क का महानगरों की तर्ज पर चौड़ीकरण कराने हेतु जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में ने ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व में घंटाघर से लेकर सावरकर चौक तक अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया। इस दौरान अतिक्रमण किये हुए दुकानदारों पर पालिका द्वारा जुर्माना वसूली की कार्रवाई भी की गई।

इस दौरान पालिका द्वारा दुकानदारों से 3 हजारा रूपए का जुर्माना वसूलते हुए उन्हें सख्त हिदायत दी गई। डीएम सत्य प्रकाश के निर्देशन में स्टेशन क्षेत्र से लेकर नदी पुल तक के दोनों ओर का अतिक्रमण हटाते हुए मुख्य सड़क चौड़ीकरण किया जाना है, जिसके चलते नगर पालिका द्वारा लाउड स्पीकर के माध्यम से क्षेत्र में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसके अलावा जिला प्रशासन, राजस्व विभाग, नगर पालिका, पुलिस प्रशासन सहित अन्य विभागों द्वारा अतिक्रमण किए हुए अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी जारी करते हुए अतिक्रमण हटाये जाने के भी निर्देश दिये जा रहे है, जिसके चलते नगर पालिका द्वारा घंटाघर से लेकर सावरकर चौक तक अतिक्रमण हटाते हुए दुकानदारों को हिदायत की दी गई, जिसमें कुछ दुकानदारों द्वारा रोड पटरी व पालिका की नाली पर अवैध रूप से सामग्री रखकर अतिक्रमण किया गया था, इसके अलावा प्रतिबंधित पॉलीथिन, दोना, पत्तल आदि का भी व्यवसाय किया जा रहा था, जिसके चलते नगर पालिका द्वारा तीन हजार रूपए का जुर्माना वसूलते हुए कार्यवाही अमल में लाई गई।

### अतिक्रमण हटाया जाना है

ईओ ने कहा कि जो भी दुकानदार नाली व सड़क पटरी पर अवैध रूप से सामग्री रखकर अतिक्रमण किये हुए है वह उन्हें ही हटा ले, उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार रेलवे स्टेशन से लेकर नदी पुल तक मुख्य सड़क पटरी के दोनों ओर का अतिक्रमण हटाया जाना है, यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। यदि कोई दुकानदार अतिक्रमण को नहीं हटाता है या फिर प्रतिबंधित सामग्री को बेचता हुआ पाया जाता है तो संबंधि दुकानदार के विरूद्ध जुर्माना वसूली की कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हो हटाया जायेगा व सामग्री को जब्त किया जायेगा। इस दौरान प्रभारी सफाई निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव, नजूल लिपिक सुधीर रावत, धीरेन्द्र घावरी, गैरिज प्रभारी अमित कुमार सहित जिला प्रशासन, राजस्व विभाग सहित पुलिस बल एवं अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया

**ललितपुर।** रिपोर्टिंग पुलिस चौकी बिरधा अंतर्गत गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को लिखित तहरीर दी है। बताया कि बीती 14 जनवरी को अपराह्न करीब 3 बजे जब वह खेत पर गया हुआ था। तभी उसकी पुत्री घर पर अकेली थी। तभी मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत थाना देहात के ग्राम मंजना निवासी बारस उर्फ राहुल पुत्र संतोष रजक आया और उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। शाम को जब वह खेत से काम करके घर लौटा तो उसे जानकारी हुयी कि गांव के काशीराम पुत्र भगुन्ते, सुकलाल पुत्र हरचरन व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उसकी पुत्री को बारस उर्फ राहुल अपने साथ मोटर साइकिल पर लेकर चला गया है। जब ग्रामीणों ने उसे रोकने का प्रयास किया तो वह नहीं रूका। 15 जनवरी को अपराह्न 3 बजे वह अपने रिश्तेदारों के साथ बारस उर्फ राहुल के घर पहुंचे, जहां उसकी पुत्री थी। मौके पर राहुल की बहन क्रान्ति, पिता संतोष व मां गुट्टी भी मौजूद थे। इस घटना के बाद से वह काफी डरा हुआ है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली से होगा पर्यावरण संरक्षण : डॉ.पाल

**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय के तुलसी सभागार में पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास जैसे ज्वलंत विषय पर अभाविप के आयाम एसएफडी विकासार्थ विद्यार्थी द्वारा हरित वार्ता नाम से संगोष्ठी का आयोजन किया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समाज के प्रबुद्ध वर्ग को पर्यावरणीय संकटों के प्रति जागरूक करना तथा उनके समाधान हेतु सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर प्रकाश डालना रहा।






मुख्य वक्ता बुविवि झांसी से डा.अमित पाल ने अपने विस्तृत व्याख्यान में कहा कि मानव-जनित गतिविधियों के कारण प्रकृति का संतुलन तेजी से बिगड़ रहा है। जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई, प्रदूषण, जल-संकट और जैव-विविधता का ह्रास गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते पर्यावरण संरक्षण के ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों को इसके भयावह परिणाम भुगतने पड़ेंगे। उन्होंने पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने, ऊर्जा संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त समाज और वृक्षारोपण जैसे उपायों को व्यवहार में लाने का आह्वान किया। अध्यक्षता प्राचार्य प्रो.अनिल सूर्यवंशी ने करते हुये कहा कि शिक्षा केवल ज्ञानार्जन तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व का बोध भी कराए। कहा कि शैक्षणिक संस्थान यदि पर्यावरण संरक्षण को अपनी दिनचर्या और पाठ्यक्रम का हिस्सा बना लें तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन सुनिश्चित किया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि अभाविप विभाग प्रमुख डा.दीपक कुमार पाठक ने कहा कि युवा वर्ग में यदि पर्यावरण के प्रति चेतना जागृत हो जाए तो यह आंदोलन जन-जन तक पहुंच सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण को सामाजिक दायित्व मानकर कार्य करने का आह्वान किया। संयोजक डा.राजीव निरंजन, एसएफडी प्रान्त सह प्रमुख ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए संगोष्ठी की पृष्ठभूमि एवं उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विविध विषयों पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम में प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पर्यावरण से जुड़े विभिन्न ज्वलंत प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किए। समापन पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर किया। कार्यक्रम में डा.सुखपाल, हरिओम जायसवाल, विशाल नामदेव, नगर मंत्री कृष्ण गोपाल शर्मा, नयन शर्मा, सौरभ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दहेज मांग कर ससुरालियों ने गर्भवती बहू को निकाला

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम झरकौन में रहने वाली मिथलेश लोधी पुत्री हरनाम राजपूत ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी शादी 25 मई 2021 को मध्य प्रदेश के जिला सागर थाना खुरई के अम्बेड़कर वार्ड नं.5, कम्पनी कुआ के पास निवासी शैलेन्द्र पुत्र लखन सिंह लोधी के साथ सम्पन्न हुयी थी।

शादी में उसके पिता ने अपने सामथ्र्य अनुसार 5 लाख रुपये नकद और गृहस्थी का सामान व सोने-चांदी के आभूषण दिये थे। लेकिन उसका पति शैलेन्द्र के अलावा ससुराली ससुर लखन पुत्र मोती, सास मीना, जेठ अमर सिंह, जिठानी रूपवती, मौसिया ससुर बब्लू अतिरिक्त दहेज में 3 लाख रुपये की मांग करते हुये गालियां देकर प्रताड़ित करने लगे। शादी के बाद उसे एक पुत्री का जन्म हुआ। ससुरालियों ने लड़की होने का ताना देते हुये उससे दहेज की मांग की और भूखा कमरे में बंद रखा और उसका पति आया तो उन्होंने कमरे से निकाला तो घर से निकलने की बात कही। पति के मना करने पर ससुराली उन्हें भी मानसिक तनाव देते रहे। इसी बीच वह फिर से गर्भवती हुयी और 18 जुलाई 2025 को उसके पति शैलेन्द्र की मानसिक तनाव के कारण जिला विदिशा में एक दुर्घटना में मृत्यु हो गयी। बावजूद इसके उसे ससुरालियों द्वारा फिर से भूखा रखा गया और यातनाएं देने लगे। आरोप है कि 5 अगस्त 2025 को शाम 5 बजे ससुरालियों ने उसे गहने छीनकर घर से निकाल दिया और वह गर्भवती अवस्था में अपने मायके आ गयी, जहां 28 अगस्त को उसने पुनः पुत्री को जन्म दिया। बताया कि 4 जनवरी 2026 को अपराह्न 2 बजे पनारी रोड स्थित नहर के पास राधा कृष्ण मंदिर पर पंचायत जोड़ी, जिसमें ससुरालियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और चले गये। पुलिस ने महिला की तहरीर पर ससुरालियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### दहेज की खातिर महिला से मारपीट

शहर के मोहल्ला अजीतापुरा में रहने वाली फराह पत्नी साकिर ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 16 जनवरी की सुबह करीब 8 बजे वह अपने घर पर थी। तभीउसके मायके वाले भाई राहुल, मां नसीम उसे लिवाने के लिए आये थे। क्योंकि उक्त लोग काफी दिनों से परेशान कर रहे थे। तभी भूरा, सबनम, साकिर, खुशी एकराय होकर आये और गालियां देते हुये पांच लाख रुपये दहेज की मांग करने लगे। जबकि उसने विरोध किया, तो उक्त लोगों ने एकराय होकर लात-घूसों व लाठियों से मारपीट कर दी। मौके पर उसकी मां व भाई बीच-बचाव किया तो उनके साथ भी अभद्रता करते हुये हाथापाई करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

सिलाई की दुकान पर किया गया वाद-विवाद

## भाइयों में मारपीट, दोनों पक्ष पर किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सदर चौकी क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला श्रद्धानन्दनपुरा निवासी उमाशंकर पुत्र स्व.भागीरथ नामदेव ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह कटरा बाजार में सिलाई की दुकान का संचालन करता है।

बीती 14 जनवरी को वह अपने भाई रमेश कुमार अपनी दुकान पर थे। तभी उसका भाई ओमप्रकाश नामदेव आया और गालियां देने लगा। विरोध करने पर ओमप्रकाश ने उसके व उसके भाई के साथ मारपीट कर दी, जिससे उसे हाथ में गंभीर चोट आयी, जबकि उसके भाई रमेश को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर ओमप्रकाश नामदेव के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2), 351 (3) व 118 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से ओमप्रकाश पुत्र भागीरथ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई जगदीश प्रसाद, रमेश कुमार, उमाशंकर तीनों ने एकराय होकर उसके साथ गालियां दीं और उसे कैंची मार दी, जिससे उसे चोट आयीं।

बताया कि ओमप्रकाश व उसका पुत्र विशाल जो कि पुलिस विभाग में बंद कराने की धमकी देता है, जिससे वह काफी परेशान है। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### पूजा करने जा रहे भाइयों से मारपीट

**ललितपुर।** जेल चौराहा के पास ही रहने वाली गुडडी पत्नी अनिल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि शनिवार को उसका पुत्र अमन व गौरव अम्बेड़कर पार्क में पूजा करने जा रहा था, तभी कुछ लोग उसे मंदिर में पूजा करने से मना करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके पुत्रों के साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। महिला ने कोतवाली पुलिस से मामले में जांच करायी जाकर कार्रवाई किये जाने की मांग उठायी है।

## ढाबा संचालक से मारपीट कर धमकाने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मसौरा बैरियल के पास रहने वाले शिवनारायण पटेल पुत्र लक्ष्मी नारायण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह मसौरा बैरियल पर दाऊ भोजनालय के नाम से ढ़ाबा का संचालन करता है। बताया कि इस समय नेशनल हाई-वे वालों का अतिक्रमण चल रहा है। इसी सापेक्ष में उसका ढ़ाबा भी उसने स्वयं हटा लिया है। उसी ढ़ाबे का कुछ मटेरियल मौके पर पड़ा था, जिसकी रखवाली के लिए वह 15 जनवरी को रात करीब 10 बजे अपने घर जाने लगा तो उपेन्द्र अवस्थी, मिन्टू अवस्थी पुत्रगण मुन्ना अवस्थी व इनका एक भाई अज्ञात व्यक्ति के साथ शराब के नशे में उससे उलझने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने लकड़ी की बल्ली का टुकड़ा जो टूटा पड़ा था उससे उस पर प्रहार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। वहीं मौजूद गनेश कुशवाहा व राहुल पटेल, अमित पटेल ने मौके पर आकर उन्हें बचाया। तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### युवक से मारपीट, एफआईआर दर्ज

थाना जाखलौन के ग्राम गढ़ौली निवासी सोनू यादव पुत्र हनुमत सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 13 जनवरी को शाम करीब 5 बजे वह अपने दरबाजे पर था। तभी गांव के छोटू पुत्र काशीराम यादव, संतोष पुत्र कपूर सिंह, काशीराम पुत्र कपूर सिंह, जोगिन्द्र पुत्र गंगाराम एकराय होकर आये और उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ लात-घूसों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। आरोप है कि उक्त लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

दूरस्थ क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं बन गई मिसाल

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर को मिला एनक्वास प्रमाण पत्र

**कंधारीकलां (ललितपुर)।** समुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अंकित पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर कंधारीकलां को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गुणवता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्रदान किया है। यह उपलब्धि भारत सरकार की निरीक्षण टीम द्वारा किए गए पूरे दिन के सघन निरीक्षण एवं संयुक्त समीक्षा के उपरांत प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की निरीक्षण टीम ने सुबह 9.30 बजे निरीक्षण एवं समीक्षा प्रक्रिया प्रारंभ की। सर्वप्रथम स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आंगनवाड़ी विभाग, ग्राम पंचायत एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली (राशन कोटा) से संबंधित सभी विभागों की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपद एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों ने भाग लिया।

निरीक्षण वाले दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट के चिकित्सा अधीक्षक डा.विशाल पाठक अपनी पूरी ब्लॉक स्तरीय टीम के साथ सुबह से शाम तक कंधारीकलां में उपस्थित रहे। वहीं सीएमओ ने भी अपनी जनपदीय टीम के साथ निरीक्षण प्रक्रिया में लगातार मौजूद रहे। जनपदीय टीम में डीसीपीएम गणेश तिगुरिया तथा जिला गुणवता परामर्शदाता डा.तारिक अंसारी शामिल रहे।




### सेवाओं का गहन निरीक्षण किया गया

आरबीएसके डा. धर्मेन्द्र सेंगर एवं उनकी टीम, ब्लॉक कुष्ठ प्रभारी श्यामवीर सिंह, तथा टीबी विभाग से अनिल राजपूत एवं उनकी टीम द्वारा सेवाओं का गहन निरीक्षण किया गया। इसके पश्चात जनपद एवं ब्लॉक स्तर की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सामुदायिक शौचालय, मुख्य मार्ग, राशन वितरण केन्द्र, आंगनवाड़ी केन्द्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर का मुख्य साइन बोर्ड, पेयजल की उपलब्धता, हर्बल गार्डन, फैसिलिटी ब्रांडिंग, प्रतीक्षालय, स्वच्छता व्यवस्था, आपातकालीन सेवाएं, एम्बुलेंस की उपलब्धता, दवाओं की उपलब्धता एवं रख-रखाव, अभिलेखों की जांच, स्टाफ का साक्षात्कार, मरीजों एवं उनके परिजनों से फीडबैक लिया गया। टीम द्वारा विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं की देखभाल, प्रसव पश्चात सेवाएं, टीकाकरण, संचारी एवं गैर-संचारी रोग, नेत्र रोग, कुष्ठ रोग, टीबी रोग नियंत्रण तथा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की गतिविधियों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान ब्लॉक तालबेहट के विभिन्न आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के समुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी मयंक पाल, अवनी, श्यामवीर सिंह, आकाश बैरागी, सुप्रिया शुक्ला, सूरज सोनी, सौरभ योगी, मंजूर अहमद, नरेंद्र सिंह, ब्लॉक बिरधा तथा एएनएम मुन्नी पाल, सपना योगी, ज्योति राजपूत, सिंकी सेन, बबीता प्रजापति भी उपस्थित रहीं। साथ ही एएनएम रश्मि गौतम, आशा कंधारिकलां रानी, आशा पुराखुर्द सुमन प्रजापति, आशा कटिला विशाखा राजपूत, आशा संगिनी रामदेवी यादव, क्षेत्रीय सुपरवाइजर अशोक नायक, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक एवं जननी सुरक्षा योजना प्रभारी तालबेहट श्री धीरज कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रवेश कुमारी, अभिलाषा तिवारी एवं तारा यादव का भी विशेष योगदान रहा।

### प्रमाण पत्र प्राप्त करना हर्ष का विषय

समुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अंकित पटेल ने बताया कि वर्ष 2023 में तैनाती के समय केंद्र की स्थिति अत्यंत सीमित थी, किंतु ग्राम प्रधान राजकुमार यादव, एडीओ पंचायत रामदास सुमन, जिलाधिकारी, सीडीओ, डीपीआरओ, वीडीओ तालबेहट, सीएमओ एवं चिकित्सा अधीक्षक तालबेहट के सहयोग से आज यह केन्द्र एक भव्य एवं आदर्श आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में विकसित हो सका है। यह उपलब्धि पूरे जनपद ललितपुर एवं कंधारिकलां क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। सीएमओ ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर कंधारिकलां के सीएचओ अंकित पटेल एवं उनकी टीम को एनक्वास प्रमाण पत्र प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई। यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि ललितपुर जनपद के सबसे दूरस्थ गांव, जहां से जिले की सीमा प्रारंभ होती है, वहां भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं।

### सीएमएचओ के कक्ष में भाई के साथ जाकर शासकीय कार्य में बाधा का है आरोप

# अधिकारी को आंख दिखाने वाला लिपिक निलंबित, एफआईआर दर्ज

## बिना अनुमति सरकारी कम्प्यूटर व प्रिंटर घर ले जाने की मंशा पर भी लगे सवालिया निशान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय में कार्यरत सहायक ग्रेड-3 बाबू ऋषि विजयवर्गीय एवं उसके भाई राहुल पर शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज हुआ है। साथ ही लगातार गलतियों को देखते हुए जिला कलेक्टर ने भी लिपिक का निलंबन आदेश जारी किया। जहां तक सवाल है विवादों को तो ऋषि का पुराना नाता रहा है। पिछले दिनों ही कार्यालयीन समय में सहकर्मियों को खुलेआम गालियां देना व सीएमएचओ ऑफिस की ही महिला कर्मचारी के साथ गंदी हरकत करने जैसी बात उजागर होने पर भी शर्मिन्दा न होने वाले बाबू की ठसक इतनी बढ़ गई की वह विभाग के जिला अधिकारी सीएमएचओ से जा भिड़े। इस बार मामला किसी निजी अस्पताल की जांच से संबंधित था। जिस पर पर बाबू व उसके भाई ने सीएमएचओ डॉ शोभा पटेल के कक्ष में जाकर अत्यंत आपत्तिजनक, असंयमित एवं अमर्यादित व्यवहार किया व शासकीय कार्य में अनावश्यक हस्तक्षेप किया गया। जिस पर राजगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### लिपिक का विवादों से है पुराना नाता

सहायक ग्रेड 3 लिपिक ऋषि विजयवर्गीय पूर्व में भी विवादित रहे हैं जिसके चलते पूर्व कलेक्टर नीरज सिंह ने भी इनको सीएमएचओ ऑफिस से हटाने की कार्रवाई की थी। अभी हाल ही में भी वर्तमान कलेक्टर डा गिरीश मिश्रा ने भी एक मामले में ऋषि की जांच के आदेश दिए थे परंतु वह रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हो पाई परंतु सूत्र बताते है कि उसमें भी दोषी पाए गए है।


सीएमएचओ ऑफिस के बाबू के मानसिक से परेशान है महिला कर्मचारी

बेटी को परेशान करने पर पिता ने सीएमएचओ से लगाई गुहार


### सरकारी कंप्यूटर और प्रिंटर घर ले जाने से डाटा चोरी का संदेह

पिछले कई दिनों से विवादों में उलझे लिपिक ऋषि विजयवर्गीय ने अपने काले कारनामें छुपाने के चलते 8 जनवरी को सीएमएचओ ऑफिस से सरकारी कंप्यूटर व प्रिंटर बिना किसी अनुमति के अपने घर ले गए। जिसे उन्होंने विभाग को अभी तक भी वापस नहीं किया है। सीएमएचओ डॉ शोभा पटेल ने बताया कि जल्दी ही कंप्यूटर एवं प्रिंटर वापस लेने की कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूल बस हादसा: ड्राइवर सहित स्कूल संचालक पर भी की गई एफआईआर

### गत दिवस हुई दुर्घटना में 9 छात्र-छात्राएं हुए थे घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़




गत दिवस जिले के खिलचीपुर नगर में हुए स्कूल बस हादसे में 9 छात्र-छात्राएं घायल हो गए थे। मामले में पुलिस ने उस समय सिर्फ बस के चालक पर एफआईआर दर्ज करते हुए बस को जब्ती में लिया था। प्रकरण की विवेचना में उक्त स्कूल बस के दस्तावेज अपूर्ण पाए जाने पर अब स्कूल संचालक व प्रचार्य पर भी विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

### क्या था पूरा मामला

गत 13 जनवरी को खिलचीपुर एसडीएम कार्यालय के सामने सरदार पटेल एकेडमी की खटारा बस सामने खड़े टैक्टर से पीछे से जा भिड़ी थी। दुर्घटना में 09 बच्चे घायल हुए थे जिन्हें स्थानीय लोगों ने तुरंत ईलाज के लिए अस्पताल भिजवाया था। पुलिस ने उस समय सिर्फ बस के चालक रतन पिता मदनलाल दांगी निवासी हिनोतिया पर प्रकरण दर्ज कर बस को जब्ती में लिया था।

थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती ने बताया कि मामले की विवेचना के दौरान ज्ञात हुआ कि उक्त स्कूल बस का कोई वैध परमिट साथ ही फिटनेस नहीं थी। यह पूरी तरह से स्कूल प्रबंधन की लापरवाही को इंगित करता है। ऐसे में अब उक्त दुर्घटना में स्कूल संचालक एवं प्राचार्य शिवचरण दांगी की भी लापरवाही मानते हुए अब उन पर भी विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। संचालक दांगी पर धारा 66/192(1) एवं 55/192(2) मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। उल्लेखनीय है कि जिले के विभिन्न निजी स्कूलों में बगैर निर्धारित दस्तावेजों के स्कूल बसों का संचालन हो रहा है। बच्चों की जान के साथ सीधे-सीधे हो रहे इस खिलवाड़ पर अब पुलिस एवं प्रशासन ने सख्ती बरतना शुरू कर दिया है।

## सरसों से भरा ट्रक लापता, व्यापारी ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**सारंगपुर।** कृषि उपज मंडी सारंगपुर से दिल्ली के लिए भेजी गई सरसों की बड़ी खेप लापता होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में व्यापारी द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट के अनुसार फरियादी कृषि उपज मंडी सारंगपुर में गल्ले का थोक व्यापार करता है। दिनांक 8 जनवरी 2026 को उसने अपने सहयोगी व्यापारी मोहन सिंह सोलंकी के साथ मिलकर कुल 230 क्विंटल सरसों, जिसकी कीमत लगभग 380 रुपये प्रति क्विंटल बताई गई है, ट्रक में भरवाकर खंडेलवाल ट्रांसपोर्ट कंपनी, नलखेड़ा के माध्यम से दिल्ली भेजी थी। बताया गया कि उक्त ट्रक को चालक देवराज गुर्जर, निवासी टेवली (राजस्थान) द्वारा दिल्ली ले जाया जाना था और ट्रक के 11 जनवरी 2026 तक दिल्ली पहुंचने की जानकारी दी गई थी। लेकिन निर्धारित तिथि तक सरसों की खेप व्यापारी के पास नहीं पहुंची। इसके बाद चालक से लगातार संपर्क करने का प्रयास किया गया, किंतु उसने फोन नहीं उठाया और बाद में मोबाइल बंद कर लिया। फरियादी के अनुसार, चालक द्वारा सरसों की खेप को कहीं और बेचकर अमानत में खयानत किए जाने की आशंका है।

## जमीन बंटवारा मामले में रिश्वत मांग रहा था पटवारी, सस्पेंड


पटवारी पर रिश्वत मांगने का लगाया आरोप

किसान ने क्षेत्रीय विधायक और एसडीएम से लगाई गुहार

**राजगढ़।** जमीन बंटवारे के एक मामले में फरियादी से रिश्वत की मांग करने वाले खिलचीपुर क्षेत्र के पटवारी देवेंद्र मीणा को प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। निलंबित पटवारी द्वारा भूमि बंटवारे के मामले में कईं दिनों से फरियादी को परेशान करते हुए काम के एवज में रिश्वत की मांग की जा रही थी। प्रशासन के संज्ञान में आने पर मामले की जांच उपरान्त पटवारी को सस्पेंड करने की कार्यवाही हुई है।

### यह था पूरा मामला

खिलचीपुर तहसील के भोजपुर अंतर्गत ग्राम तलावड़ा निवासी मोहनलाल तंवर ने अपनी भूमि सर्वे क्रमांक-3 कुल 16 किता, कुल रकबा 5.891 हेक्टेयर भूमि के बटवारे के संबंध में न्यायालय, नायब तहसीलदार भोजपुर में बटवारा प्रकरण क्रमांक प्रस्तुत किया। इस प्रकरण में पटवारी देवेंद्र मीणा द्वारा फर्द बटवारा हेतु राशि की मांग की जाने की शिकायत मय शपथ-पत्र प्रस्तुत की गई। मामले की जांच के दौरान शिकायतकर्ता मोहनलाल एवं अन्य साक्षी कंवरलाल, दारासिंह के कथन लिए गए। जांच में प्रथम दृष्टया पटवारी मीणा द्वारा प्रकरण में रिपोर्ट पेश नही किया जाना एवं आवेदक को अनावश्यक परेशान करना सामने आया। इस पर पटवारी मीणा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाकर उनका मुख्यालय एसडीएम कार्यालय खिलचीपुर नियत किया गया है। नायब तहसीलदार भोजपुर को नोटिस जारी कर जवाब लेने की कार्रवाई की जा रही है।

### मंत्री प्रहलाद पटेल ने किया खिलचीपुर व जीरापुर के अटल सुशासन भवन का भूमि पूजन

# मंत्री बोले - राशि मांगने की आवश्यकता नहीं है विधायक जी




**खिलचीपुर।** खिलचीपुर के मेला ग्राउंड में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पवार , सांसद रोडमल नागर सहित अटल सुशासन भवन (जनपद पंचायत खिलचीपुर एवं जीरापुर) के निर्माण-कार्य का भूमि पूजन करने करीबन 4 बजे पहुंचे जिनका फूल माला एवं ढोल नगाड़ों से विधायक हजारीलाल दांगी के नेतृत्व में स्थानीय सरपंचगणो, सचिव गणो ने स्वागत किया। भूमि पूजन पूजा अर्चना कर की। मंत्री प्रहलाद पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा मोदी जी ने ग्रामीण अंचल के विकास की अनेकों विकासशील योजनाएं पक्की सड़क ,आवास, सुदूर सड़क, खेत तालाब, वाटर सेट , सामुदायिक भवन निर्माण आदि चला रखी है। जिससे गांव का विकास हो रहा है अब शहर के लोग रहने के लिए गांव में बस रहे हैं। केंद्र ओर राज्य क ई विकासशील योजनाएं हैं जिसका लाभ लेकर लोक समृद्ध हो रहे हैं। हालांकि कुछ कमियां भी है जिन्हें सुधारने हेतु मोदी ने जी राम जी योजना में सुधार किया है।

जी राम जी योजना में कुशल श्रमिक, अकुशल श्रमिक, अर्ध कुशल श्रमिकों अर्थात सभी वर्ग के महिला पुरुषों को लाभ मिलेगा। वही अब 100 दिनों के रोजगार के वजाय 125 दिन का रोजगार मिलेगा। प्रहलाद पटेल बोले मरघट, शमशान, के सौंदर्य करण तथा शमशान जाने के रास्ते पक्की सड़कों में बदलेंगे इनके विकास में भरपूर राशि दी जाएगी वहीं शमशान की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाएगा। वर्ष 2027 तक गांव-गांव के शमशान का सौंदरीकरण व रोड बनवाया जाएगा। वहीं विधायक हजारीलाल दांगी को फटकार लगाते हुए कहा कि हमारी सरकार गांव के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं में समय-समय पर राशि उपलब्ध करा रही है। राशि मांगने की आवश्यकता नहीं हमें सब पता है कहां कितनी राशि व कार्य देने है। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष राम जानकी मालाकार, जनपद अध्यक्ष सीमा नैनावत, सरपंच गण एवं भाजपा कार्यकर्ता गण सहित कलेक्टर गिरीश भंडारी, जिलापंचायत सीईओ, जनपद सीईओ सहित कई विभाग के जिला पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# निरीक्षण में लापरवाही पर एसडीएम की सख्त कार्रवाई

### एक पटवारी को किया निलंबित, 2 का वेतन काटा



**सारंगपुर।** गुरुवार को एसडीएम रोहित बम्होरे द्वारा सारंगपुर तहसील के ग्राम नैनवाड़ा धनोरा तथा पचोर तहसील के ग्राम सराली मे ओचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान राजस्व अमले की लापरवाही सामने आने पर सख्त कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान ग्राम नेनवाड़ा में पदस्थ पटवारी आरती चौहान ड्यूटी के समय अनुपस्थित पाई गईं। इस गंभीर लापरवाही को प्रशासनिक अनुशासनहीनता मानते हुए एसडीएम रोहित बम्होरे ने तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित करने के आदेश जारी किए। इसी क्रम में ग्राम धनोरा एवं पचोर तहसील के गांव सराली में निरीक्षण के दौरान वहां पदस्थ पटवारी मनीष पाटीदार एवं गोवर्धन नागर भी अपने कार्यस्थल पर अनुपस्थित पाए गए। इस पर एसडीएम द्वारा उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि शासन द्वारा सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### मंडावर, हरलाय, भैंसानी, जोगीपुरा गांवों का मामला

# सिंचाई परियोजनों से वंचित गांवों के ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के लाभ से वंचित रहे नरसिंहगढ़ क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों के कईं किसानों में खासा रोष व्याप्त है। ऐसे में मंडावर, हरलाय, भैंसानी, जोगीपुरा गांव के कईं ग्रामीण शुक्रवार को जनपद सदस्य मनोज सक्सेना के नेतृत्व में कलेक्टोरेट पहुंचे और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगे रखी। इसके साथ ही चेतावनी भी दी गई यदि किसानों को उनके हक से वंचित रखा गया तो वे आगामी दिनों में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

किसानों का आरोप है कि पहले उन्हें कुंवर चैन सागर परियोजना के लाभ से उनके गांवों को वंचित रखा गया था। इसके बाद उम्मीद थी कि मोहनपुरा परियोजना या पार्वती रेसई सिंचाई परियोजना में उन्हें सम्मिलित किया जाएगा लेकिन उक्त गांवों को दोनों ही बड़ी सिंचाई परियोजनाओं की सूची से बाहर कर दिया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन पर पक्षपात और अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि मंडावर क्षेत्र के किसान खेती पर ही निर्भर हैं। अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि वे इस मामले में संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर तकनीकी पहलुओं एवं दृष्टिकोण से जांच कराएंगे ताकि पात्र किसानों को सिंचाई का लाभ मिल सके।

### नाम न जुड़ने तक जारी रहेगा संघर्ष

आक्रोषित लहजे में कलेक्टोरेट पहुंचे मंडावर क्षेत्र के किसानो के कहा कि उनके साथ हो रहायह सौतेला व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पहले एक परियोजना से नाम हटाया गया और अब बाकी दोनों परियोजनाओं से भी बाहर कर दिया गया है। जब तक हर खेत तक पानी नहीं पहुँचता, हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

# संकल्प से समाधान अभियान का राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 7 स्थित अंबेडकर मांगलिक भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यममंत्री डॉ गौतम टेटवाल द्वारा मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत जनसामान्य को कल्याणकारी हितग्राही मूलक योजनाओं का सुगमता से लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुभारंभ किया गया।

उक्त अभियान अन्तर्गत प्रथम चरण में नगरीय क्षेत्र के वार्डों के लिए दल गठित किए गए हैं। जिसमें नोडल अधिकारी, वार्ड प्रभारी व अन्य कर्मचारी शामिल किये गये हैं। वार्ड स्तर पर शिकायतें एवं आवेदन संग्रह कर पोर्टल पर दर्ज कराएंगे। उक्तानुसार नगरीय क्षेत्र में संकल्प से समाधान अभियान में विभिन्न सेवाओं का आवेदन एकत्र करेंगे और उसका निराकरण करेंगे। इसमें सामाजिक न्याय विभाग, वित्त, राजस्व , नगरीय विकास एवं आवास, जनजातीय कार्य, कृषि, एमपीईबी सहित अन्य विभागों की सेवाएं सम्मिलित हैं। यह अभियान तीन चरणों में 31 मार्च तक चलेगा। पहले चरण में आवेदन लेंगे। दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण के साथ तीसरे में हितलाभ हेतु पात्र हितग्राहियों का चयन किया जाना है। उन्होने यह भी कहा कि इस अभियान में किसी प्रकार की लापरवाही बरती नहीं बरतें। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनहरे पार्षद गोपाल पाल, राकेश पुष्पद, अमित गिरजे नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा पार्षद प्रतिनिधि बाबुलाल अहिरवार, कुलदीप राठौर सहित निकाय के कर्मचारी उपस्थित थे।

## नगर की समस्त सुंदरकांड समितियों ने सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया



**जीरापुर।** नगर में हिंदू सम्मेलन को लेकर प्रतिदिन धार्मिक आयोजन का सिलसिला जारी है जिसमें प्रतिदिन प्रातः प्रभात फेरी नगर के विभिन्न धार्मिक स्थलों से निकालीं जा रही जिसमें युवा वर्ग सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल होकर भगवान के संकीर्तन करते निकलते हैं। इसी कड़ी में बुधवार की रात्रि में सिदेश्वर महादेव मंदिर थाना परिसर के सामने नगर की समस्त सुंदरकांड समितियों द्वारा एकरूपता,सामाजिक समरसता, धार्मिकता से परिपूर्ण होकर भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जहां पर सुंदरकाण्ड के माध्यम से सबके मंगलमय जीवन के साथ सब सुखी रहें समग्र हिन्दू समाज एकता का परिचायक बनकर पारस्परिक सौहार्द से रहें। इस पुनीत अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सदस्यों द्वारा विभिन्न झांकी सजाई तथा हनुमानजी का विशाल घोंटा सुंदरकांड स्थल पर रखा गया था जो श्रद्धालु भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर सुंदरकांड शोभायमान हो रहा था। इस दौरान आरती श्री बजरंग नवयुवक समिति के संयोजक पंडित श्यामसुंदर शर्मा ने की तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ तहसील प्रचारक दीपक साहू ने सुंदरकांड की महत्ता प्रतिपादित करते हुए कहा कि 19 जनवरी को हिन्दू सम्मेलन में सभी भक्त शामिल होकर आगुंतक अतिथियों के अमृत वचनों का लाभ ले।

### हाथी, घोड़े, झांकियों के साथ निकाली कलश यात्रा में लोग शामिल हुए

# 'जय श्री राम' उद्घोष के साथ सम्मेलन में उमड़ा हिंदू समाज

- स्टेडियम में संतो के मुखारविंद से निकली सनातन की अविरल धारा
- अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा से शोभायात्रा का हुआ भव्य स्वागत, अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

राजगढ़ नगर में आयोजित होने विराट हिन्दू सम्मेलन के लिए बीते करीब एक महीने से की जा रही तैयारियों ने शुक्रवार को सार्थक रूप ले लिया। पूरा शहर भगवामय होकर राम भक्ति और सनातन की अविरल धारा में बहता नजर आया। स्टेडियम में आयोजित हुए हिन्दू सम्मेलन के पूर्व स्थानीय नगर में एक भव्यतम कलश एवं शोभायात्रा निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में मातृ-शक्तियां एवं सकल हिन्दू समाज ने सम्मिलित होकर इस यात्रा को एतिहासिक बना दिया। निर्धारित समय पर गाजे-बाजे, ढोल-ढमाकों, विभिन्न झांकियों के साथ गज पर सवार संतों के साथ स्थानीय राजमहल से आरंभ हुई शोभायात्रा नगर के तुल्ली चैक, मेन रोड, पारायण चैक, जयस्तंभ चौक, बिरसा मुंडा चैराहा, बाईपास होते हुए खिलचीपुर नाका पहुंची। खिलचीपुर नाके पर खुजनेर रोड तरफ से आई शिव-बारात में सम्मिलित भगवान शिव एवं पार्वती का विवाह संपन्न करवाया गया। हजारों की संख्या में उपस्थित लोग इस अप्रतिम एवं एतिहासिक पल के साक्षी बने।

### स्थान-स्थान पर पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

कलश यात्रा का नगर में अनेकों स्थानों पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, प्रतिष्ठान संचालकों सहित अन्य द्वारा पुष्पवर्षा करते हुए भावभीना स्वागत, अभिनंदन किया गया। यात्रा में शामिल स्वयंसेवक सहित अन्य हजारों लोग जय श्रीराम के उद्धघोष लगाते हुए सनातन की गंगा में बहते हुए साथ चल रहे थे।

### घर-घर बांटे आमंत्रण-पत्र रात्रि में भव्य आतिशबाजी

इस एतिहासिक हिन्दू सम्मेलन के लिए सेवाभावी स्वयंसेवकों द्वारा बीते कईं दिनों से युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही थीं। नगर के प्रत्येक घर में जहां आमंत्रण-पत्रों का वितरण करवाया गया था वहीं हर गली-मोहल्लों में प्रभात फेरियां निकाली जा रही थीं। हिन्दू सम्मेलन के पूर्व गुरुवार-शुक्रवार की मध्य रात्रि नगर के अनेकों स्थानों, कॉलोनी, मोहल्लों में सनातनियों ने झिलमिलाती आतिशबाजी भी की।





### स्टेडियम में विभिन्न सांस्कृतिक व धार्मिक प्रस्तुतियां

शोभायात्रा के स्टेडियम परिसर पहुंचने पर मंच पर विभिन्न स्कूलों के नौनिहालों सहित अन्य बच्चों एवं प्रतिभाओं द्वारा कईं तरह की धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। लोग इन प्रस्तुतियों को देखकर देखकर हतप्रद रह गए। हवनादि कार्यक्रमों के उपरान्त प्रख्यात संत श्री उत्तम स्वामीजी महाराज सहित अन्य संतो के आर्शिवचन सनातनियों को प्राप्त हुए। दोपहर से शाम तक चले आयोजन उपरान्त आयोजन में सम्मिलित सभी जनों के लिए समरसता भोज का आयोजन करवाया गया।